## एक नजर में

### महिला दिवस पर शालिनी लोहार का किया सम्मान



**बुरहानपुर।** जिले की शाहपुर नगर की शालिनी प्रवीण लोहार का नासिक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय गाड़ी लोहार समाज महासंघ धुलिया नासिक महाराष्ट्र द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के बुरहानपुर जिले के शाहपुर नगर की शालिनी प्रवीण लोहार के समाज हित कार्यों को देखते हुए फुलमाला, शाल-श्रीफल देकर एवं समाज सेविका प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया ।बताया जाता है की इसके पुर्व में भी सामाजिक एवं महिलाओं के लिए कार्य करने पर कई बार सम्मानित किया गया था । समाज में एक प्रेरणा स्त्रोत बनकर उभरी शालिनी प्रवीण लोहार यू ट्यूब पर शालिनी भक्ति सागर और दुसरा चैनल शालिनी भक्ति सागर कथा चैनल पर 100000 सब्सक्राइबर हुए हैं। परिवार में सभी कार्य करने के पश्चात अपना अमूल्य समय निकाल कर आज चैनल को 100000 तक पहुंचाने में बहुत बड़ा श्रेय जाता है। इसलिए नासिक समाज की ओर से उन्हें गौरवान्वित किया गया। शालिनी लोहार को शाहपुर नगर की महिलाओं ने बधाई देकर आप समाज में एक प्रेरणा स्त्रोत होकर निरंतर समाजसेवा करते रहेंगे ।

### महिला दिवस पर परिचर्चा



**बुरहानपुर।** भारत में महिलाओं का सदैव सम्मान रहा है। उनके बिना सुखद परिवार की कल्पना नहीं की जा सकती। आज महिलायें जीवन के हर क्षेत्र में अग्रसर हैं और अच्छा कार्य कर रही हैं। हमें उन पर गर्व है। यह विचार कर्मयोगी डॉण् सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा संस्थापित जैन विद्या एवं प्राकृत शोध संस्थान में विश्व महिला दिवस पर अध्यक्ष के रूप में डॉ.अश्विनी महाजन ने व्यक्त किये। विदुषी ज्योति मराठे एवं पूजा छत्रे ने कीर्तिमान अर्जित करने वाली महिलाओं के कार्यों से अवगत कराया। जैन हैप्पी स्कूल की छात्राओं ने नारी चेतना से संबंधित रचनाओं का पाठ किया। वर्ष 2026 की थीम गिव टू गेन विषयक डॉ.उर्मिला चौकसे के निबंध का वाचन किया गया। आभार श्रीमती इन्द्रा जैन ने व्यक्त किया।

### प्रीति सिंह राठौड़ आयरन लेडी और बेटा रजत प्रताप सिंह नेशनल यूथ आईकॉन अवार्ड से सम्मानित



**बुरहानपुर।** प्रीति सिंह को मिला आयरन लेडी सम्मान अवार्ड से भोपाल में आयोजित 8 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष में बेस्ट आयरन लेडी अवार्ड के रूप में प्रीति सिंह राठौड़ को आयरन लेडी का अवार्ड मिला है। यह अवार्ड ज्ञान दान हॉनरेरी डॉ अवार्ड फाउंडेशन द्वारा पहली बार भोपाल में आयोजन किया गया था सरदार वल्लभभाई पटेल पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महाराष्ट्र कर्नाटक मध्य प्रदेश गुजरात उत्तर प्रदेश बिहार नेशनल लेवल की हस्तियों का सम्मान किया गया जिसमें बुरहानपुर से आयरन लेडी के रूप में प्रीति सिंह राठौड़ का सम्मान गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो के साथ किया एवं उनके पुत्र रजत प्रताप सिंह राठौड़ को नेशनल यूथ आइकॉन का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया है विगत 8 वर्षों से उन्होंने यूथ को शराब नशा तंबाकू से दूर रखकर प्रकृति की ओर जोड़ा नेशनल लेवल पर उभरता हुआ यू थ का चेहरा बड़े.बड़े इवेंट्स के रूप में को जोड़ा जा रहा है।

### अखिल भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष बने राजू सुरसिंह राठौड़



**बुरहानपुर।** अखिल भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ की राष्ट्रीय समिति द्वारा वरिष्ठ पत्रकार राजू सुरसिंह राठौड़ को मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मार्च 2026 को की गई है। जैसे ही यह खबर सामने आई, जिले से लेकर पूरे प्रदेश के पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। पत्रकार साथियों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। गौरतलब है कि राजू सुरसिंह राठौड़ लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए ग्रामीण और जमीनी मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं। अपनी निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता के कारण उन्होंने मीडिया जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर जिले एवं प्रदेश भर के पत्रकारों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ग्रामीण पत्रकारों की आवाज और मजबूत होगी तथा संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले राजू सिंह राठौड़ जी को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी पत्रकार साथियों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

### जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जा रहा किशोरियों का टीकाकरण



**बुरहानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सहित जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में 14 आयु वर्ग की किशोरियों का एचपीव्ही टीकाकरण कर सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर एचपीव्ही टीकाकरण से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दी गयी। कार्यक्रम में महापौर माधुरी पटेल, नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष साधना तिवारी, अन्य जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण एवं नर्सिंग स्टॉफमौजूद रहा। इसी कड़ी में कलेक्टर हर्ष सिंह ने छात्रावासों की बालिकाओं 14 आयु वर्ग की किशोरियों के एचपीव्ही वैक्सीनेशन के संबंध में निर्देश दिए हैं। इस कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग को जनजातीय कार्य विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वयता से कार्य करने को कहा गया है। विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं तथा नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाए। जिले में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से आयुष्मान एवं आधार पंजीयन शिविर भी आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में ग्राम असीर में शिविर आयोजित रहा।

# स्वरोजगार योजनाओं के काम समय पर पूर्ण करें अधिकारी : सिंह



**नवभारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** कलेक्टर ऑफिस के मीटिंग हॉल में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर हर्ष सिंह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अधिक समय तक कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को बिना देखे दूसरे स्तर पर न भेजा जाए। सभी अधिकारी प्रतिदिन शिकायतों को देखें एवं उनका समय पर निराकरण सुनिश्चित करें।

**पेयजल आपूर्ति सुचारु रहे:-** बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारु रहे और किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल समाधान किया जाए।

कलेक्टर सिंह ने समग्र ई.केवाईसी एवं खाद्यान्न वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके साथ ही स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी, माइनिंग, सहकारिता, राजस्व, पंचायत तथा नगरीय निकाय सहित अन्य विभागों के कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या, एंट्री तथा निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदनों की प्रगति पर चर्चा की। इसके अलावा जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

**समय सीमा पत्रकों की समीक्षा:-** जनगणना की तैयारियों पर चर्चा हुई। वहीं विभिन्न विभागों के समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नेहरू स्टेडियम में खिलाड़ियों को मिल रहा नि :शुल्क प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने व खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न खेलों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

विभागीय प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने भी अपने संदेश में कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं तथा उन्हें नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखती हैं। उन्होंने जिले के युवाओं से अपील की कि वे खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वस्थ एवं अनुशासित समाज के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करें।

**प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु :-** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को वर्ष भर विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण विभागीय खेल प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। नेहरू स्टेडियम बुरहानपुर में संचालित प्रशिक्षण केंद्र पर प्रतिदिन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र में वर्तमान में कबड्डी, खो.खो, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल खेलों का नियमित प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र में 06 वर्ष से अधिक आयु के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में प्रशिक्षण केंद्र पर 50 से अधिक खिलाड़ी नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक खेल सुविधाएं एवं खेल सामग्री विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। विभाग द्वारा समय-समय पर विभागीय खेल प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें विभाग द्वारा संचालित विभिन्न खेल अकादमियों में सीधे प्रवेश दिया जाता है। नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी बुरहानपुर ने इसका लाभ लेने की अपील की है।

## एक वर्ष से फरार तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज,**

**खकनार ।** भारत सिंह भंवर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला बुरहानपुर के थाना शिकारपुरा के प्रकरण के अपराध क्रमांक 667/23 धारा 294, 323, 506 ,325, 34 भादवि में अभियुक्त/आरोपी राधेलाल उर्फराधे पिता आशाराम बल्वेकर जाति नहाल (29), श्याम पिता आशाराम बल्वेकर जाति नहाल (22) व विजय उर्फ विजु पिता आशाराम बल्वेकर जाति नहाल उम्र (21) तीनों निवासी अमुल्लाकला थाना खकनार के विरूद्ध प्रकरण चल रहा है।

कोर्ट व्दारा आरोपियों के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा दिये गये निर्देशों के पालन में अति.पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी अभिषेक जाधव एवं चौकी प्रभारी डेडतलाई शंकर लोने को जानकारी प्राप्त हुई की स्थाई वारंटी राधेलाल, श्याम और विजय उर्फ विजु तीनों निवासी अमुल्लाकला में अपने घर पर आए हैं, जानकारी प्राप्त होने पर प्रआर वसीम खान, आर जय मालवीया व आर आयुष पटेल को हमराह लेकर रवाना हुए । जिनके व्दारा दिनांक 09/03/26 को तीनो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय बुरहानपुर में पेश किया जाएगा। पुलिस की कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक जाधव, उनि शंकर लोने, उनि मनीष पटेल, प्रआर वसीम खान, प्रआर दीपेन्द्र तंवर ;थाना शिकारपुरा, आर जय मालवीया, आर आयुष पटेल की भूमिका रही।

## कांग्रेसी पार्षदों का नपा के सामने धरना

**नवभारत न्यूज,**

**नेपानगर।** नेपानगर नगर पालिका के चार कांग्रेसी पार्षद सोमवार दोपहर नपा कार्यालय के पास टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। आरोप है कि नपाध्यक्ष भारती विनोद पाटीलए सीएमओ मोहन सिंह अलावा विकास के कामों को लेकर गंभीर नहीं है। हर बार केवल आश्वासन ही दिया जा रहा हैए लेकिन काम नहीं कराए जा रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि अगर दो तीन दिन में काम चालू नहीं कराए गए तो आंदोलन किया जाएगा।

जानकारी अनुसार कांग्रेस पार्षद अनीषा राजेष पटेल, वर्षा षांताराम ठाकरे, योगिता पाटील के प्रतिनिधि राजू पाटील और पार्षद सपना कैलाष पटेल धरने पर बैठे। पार्षदों ने कहा कि हर बार केवल आश्वासन मिल रहे हैं। हिल टॉप रोड अब तक नहीं बना। शौचालय अधूरे पड़े हैं। करोड़ों के विकास के दावे किए जाते हैंए लेकिन मनमानी हो रही है। सीएमओ दफ्तर में नहीं बैठते। अध्यक्ष को भी कई बार शिकायत कर चुके हैंए लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि तीन चार दिन में काम चालू नहीं हुआ तो पहले क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी और तब भी बात नहीं बनी तो भूख हड़ताल की जाएगी।

**इन निर्माण कार्यों को लेकर उठाए सवाल:-** पीआईसी व्दारा स्वीकृत निर्माण कार्य जैसे वार्ड क्रमांक 03 में शौचालय निर्माण, डी.वन कॉलोनी की आंतरिक गलियों में बीटी रोड निर्माण, लोटू सेठ के घर के पास सभा मंडप, चौबे जी के घर से लेकर मधु चौहान के घर तक पेबर ब्लाक कार्य, वार्ड नंबर 02 में हिल टॉप एरिया में डामरीकरण निर्माणए भगतसिंग प्रतिमा स्थापित करना, अस्पताल के सामने सभा मंडप निर्माण, 2022 के निर्माण कार्य सीसी रोड निर्माण अधूररे हैं। इसी तरह नेपा अस्पताल का बीटी रोडए विकास खेल परिसर में सभा मंडप अधूरा, जीम सामग्री को स्थापित करना, सी.टाइप मे आंतरिक सीसी रोड, बोरले जी के घर के सामने तार फेन्सिग ब्लाक लगवाने का कार्य, वार्ड नंबर 07 में पार्क में पेटिंग का सौंदर्यीकरणए डामरीकरण कार्य, ब्लाक कार्य अधूराए पार्क में फव्वारा, मराठी स्कूल के पास से बेहद जर्जर रोड, स्वागत व्दार, मराठी स्कूल की बाउड्रिवाल, कुलदीप श्रीवास्ताव के घर के पास नाली निर्माण आदि काम अटके है।

**यह काम भी नहीं कराए गए:-** वार्ड नंबर 11 में कलवर्ट पुलिया निर्माण कार्य, अधूरा निर्माण कार्य गार्डन, सुभाष पाटील के घर से रविन्द्र गुलाब के घर तक रोड निर्माण, प्रकाश पाटील के घर से नाली निर्माण साथ ही डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर चौराहे से लेकर स्टेशन पहुंच मार्ग कार्य, रेल्वे गेट से नेपा मिल होते हुये सात नंबर गेट तक सीसी रोड कार्य को लेकर आमजन में भी आक्रोश।

## महिला परिषद् का भक्तामर दीपार्चन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद् शाखा बुरहानपुर ने श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्ति की संगठन भावना के उद्देश्य से 48 दीप जलाकर भक्तामर स्तोत्र दीपार्चन किया। अध्यक्ष अंजलि पाटनी, सचिव इन्द्रा जैन भारती, कोषाध्यक्ष शोभा गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष शोभा जैन पटवारी, उषा सोनेवाल, मधु गोधा, सविता ठोलिया, सरोज ठोलिया, सुनीता पाटनी, आस्था कासलीवाल, शोभा छावड़ा, स्नेहा जैन, अंजू जैन, सुवर्णा जैन आदि भक्तामर स्तोत्र दीपार्चन में सहभागिता की।

## बंजारा समाज की महिलाओं का किया सम्मान, पारंपरिक नृत्य की दी प्रस्तुति

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोर बंजारा समाज का होली मिलन समारोह**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बंजारा समाज द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को अक्षरधाम कॉलोनी में गोर बंजारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर व ग्रामीण क्षेत्र से समाजजन ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर ढपली और नगाड़ा की ताल पर होली नृत्य किया। पुरुषों ने भी होली गीत गाकर होली खेली। वहीं पारंपरीक तरीके से संगीतमयी फाग गीतों पर सभी ने झूमते-गाते हुए गरबा भी किया।

जगदीश पवार ने बताया कि होली मिलन समारोह के माध्यम से समाज को एकजुटता का संदेश दिया गया। साथ ही पारंपरिक रितिरिवाजों को निभाने, स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल बचाओ, हरियाली बढ़ाओ, नशीले व्यसन से मुक्ति आदि का प्रेरक संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री राम और संत सेवालाल महाराज की फोटो पर माल्यार्पण और पूजा पाठ से हुई। दोपहर 3 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम बंजारा समाज की साकी.श्लोक बोला गया और भाँग घुगरी खिलाया गया।समाज के महिलाओं और पुरषों द्वारा एक दूसरे कों गुलाल और रंग बिरंगी कलर लगाया गया।शाम कों बालक रौनक नरेंद्र पवार और यथार्थ नरेंद्र पवार द्वारा बंजारा श्लोक बोला गया और तलवार बाजी करके करतब दिखाया गया। समाज के प्रकाश राठौड़ ने बताया की बंजारा समाज की महिलाओं द्वारा विशेष होली महोत्सव और फाग गीतों का पारंपरिक आयोजन प्रतिवर्ष होता हैं। यह आयोजन बंजारा समाज की प्राचीन संस्कृति, संगीत और लोक कलाओं को जीवित रखने का एक प्रयास है। समाज के देशमुख पवार ने बताया की गोर बंजारा समाज का होली मिलन का इसका उद्देश्य सामुदायिक मिलन और होली के पावन अवसर पर सांस्कृतिक एकता और परंपरा के संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण होता हैं।बंजारा समाज जिले में 56 गांव के 85 टांडे में निवास करता हैं।होली पर प्रत्येक गांव में बंजारा फाग उत्सव होता हैं। इस बिच डॉ.संजय राठौड़, रंगलाल जाधव, अर्जुन पवार, बसंत पटेल, तुकाराम पवार, कैलाश पटेल, चरणसिंह चौहान, नरेंद्र देशमुख पवार, अधिवक्ता सुरज राठौड़, जगदीश चौहान, दिनेश राठौड़, विकास मधुकर पवार, प्रकाश राठौड़, विलास रतनलाल राठौड़, श्रवण जाधव, राजेश जाधव, विजय राठौड़, युवराज सिंह जाधव, रतनलाल राठौड़, कृपालसिंह पवार, राहुल जाधव सहित समाजजन मौजूद थे।

**एक नजर**

**शाहपुर नगर परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन...**

## सशक्त महिलाओं से ही परिवार, समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव : साधना तिवारी





**नवभारत न्यूज,**

**शाहपुर।** नगर परिषद् शाहपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण को समर्पित एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद शाहपुर की अध्यक्ष द्वारा की गई।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चौधरी, राखी मिश्रा, गौरी दिनेश शर्मा, किरण रायकवार, उमा कपूर, सुधा चौकसे, रीना महाजन, ममता दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष अनुराधा तेम्भुर्ने, सपना धर्मेन्द्र देशमुख, डॉ.पूजा पीयूष भार्गव, बरखा नंदवानी, आरती लांडे, उषा उदलकर, सेक्टर सुपरवाईजर महिला एवं बल विकास शाहपुर शारदा भटकर, शारदा सोहले, पार्षद प्रमिलाबाई विनोद चौधरी, दिपाली पंकज राउत, दिपाली मुकेश बुनगाल नगर के विभिन्न वार्डों की महिलाएँ, स्व.सहायता समूह की सदस्याएँ, नगर परिषद की महिला कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों से जुड़ी अनेक महिलाएँ अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन में महिलाओं के नेतृत्व, योगदान एवं उपलब्धियों को रेखांकित करने हेतु दिनांक 08 से 14 मार्च 2026 तक निकाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किया जाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर डिजिटल स्पॉटलाइट स्टोरीज़ 7 दिन, 7 महिला स्वच्छता चैंपियन शहरी स्वच्छता में परिवर्तनकारी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को प्रदर्शित करने हेतु एक सप्ताह की डिजिटल श्रृंखला का आयोजन किया जाना है । इस अवसर पर स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी/संवाद का आयोजन किया गया । निकाय स्तर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई मित्रों एवं महिला स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया ।

अध्यक्ष साधना वीरेन्द्र तिवारी ने उदबोधन में महिलाओं की भूमिका, उनके योगदान और समाज में उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएँ समाज की वास्तविक शक्ति हैं और उनके सशक्त होने से ही परिवार, समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

नगर परिषद शाहपुर की हाल ही में प्राप्त स्वच्छता सर्वेक्षण की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद शाहपुर ने जो उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है उसमे महिला शक्ति की महत्वपूर्ण जनभागीदारी है ! साथ ही आगामी सर्वेक्षण में शाहपुर को उच्च स्थान दिलाने हेतु मातु शक्ति से सहयोग एवं जनभागीदारी की अपील की !

### कपड़े की थैलियां बांटी

निकाय में सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होने से उपस्थित महिलाओं को बाज़ार से सामग्री लाने के लिए अध्यक्ष साधना तिवारी द्वारा कपडे की थैलिया झोलो का वितरण किया गया सम्पूर्ण कार्यक्रम जीरो वेस्ट आधारित रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिला शक्ति द्वारा स्वच्छता की सामूहिक रूप से शपथ ली गई एवं सामूहित रूप से स्वच्छता श्रमदान किया।

## विश्व महिला दिवस पर सम्मान और स्वास्थ्य शिविर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** निमाड़ क्षेत्र के सबसे बड़े मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर द्वारा 8 मार्च विश्व महिला दिवस पर सम्मान एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। विश्व महिला दिवस के इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चुनिंदा महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर रंगारंग प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल की को.फाउंडर श्रीमती मंजूषा चौकसे एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती देवांशी चौकसे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में शहर की 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मोनिश गुप्ता एवं डॉ. किमाया साली ने महिलाओं को नि:शुल्क परामर्श दिया। उन्होंने महिलाओं को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी। इस दौरान हॉस्पिटल की ओर से महिलाओं के लिए नि:शुल्क सोनोग्राफी स्क्रीनिंग, ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर कबीर चौकसे के दिशा.निर्देशन में महिलाओं के लिए सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर का यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।